हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 123 देहरादून, मंगलवार, 01 नवंबर, 2022 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



राष्ट्रीय एकता दिवस पर पुलिस परिवार ने ली एकता की शपथ 3

# चंपावत में मुख्यमंत्री धामी ने रन फ़ॉर यूनिटी में लगाई दौड़, एकता का संदेश दोहराया





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चम्पावत, 31 अक्टूबर। सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के जन्म दिवस 31 अक्टूबर राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में चंपावत जिले के मिनी स्टेडियम बनबसा से एनएचपीसी गेस्ट हाउस बनबसा तक आयोजित Run For Unity (रैली) में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रतिभाग कर एकता दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री द्वारा सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई गई। एकता दौड़ में शामिल होकर एनएचपीसी गेस्ट हाउस पहुंच कर मुख्यमंत्री ने सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

मुख्यमंत्री ने कहा की सरदार बल्लभ भाई पटेल जी ने एकीकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया । देश में 562 से भी ज्यादा रियासतों को एक सूत्र में पिरोने का काम सरदार बल्लभ भाई पटेल ने ही किया था। इसलिए उन्हें आजाद भारत के इतिहास में लौह पुरुष की संज्ञा दी गई । उन्होंने कहा कि हमारे देश के अंदर सरदार बल्लभ भाई पटेल जैसे जांबाज लौह पुरुष पैदा हुए, वहीं देश के अंदर शंकराचार्य जी ने पूरब से लेकर पश्चिम, उत्तर से लेकर दक्षिण तक एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया। आज हमारे देश के अंदर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। आज पूरी दुनिया में भारत का मान सम्मान एवं स्वाभिमान बढ़ रहा है। आज भारत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है।

जिस समय पूरा विश्व कोरोना महामारी से जूझ रहा था उस समय मोदी जी के मार्गदर्शन में देश में वैश्विक महामारी कोरोना लड़ने के लिए दो-दो स्वदेशी वैक्सीन बनाई गई। देश में गरीबों के घर का चूल्हा जलते रहे, कोई भी भूखा न रहे इसके लिए गरीब कल्याण अन्न योजना चलाई और जिससे हर किसी को इस योजना का लाभ मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले 25 साल बाद जब देश आजादी का शताब्दी वर्ष मनाएगा। ये 25 साल देश के लिए बेहद महत्वपूर्ण होंगे। इन 25 सालों में देश हर क्षेत्र में आगे बढ़ने वाला है, जिसमें युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होने वाली है। उन्होंने कहा आने वाले 25 साल अमृतकाल के रूप में हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं हमने उत्तराखण्ड के लिए संकल्प लिया है कि आने वाले दो सालों में हम प्रदेश को टीबी मुक्त करेंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 2025 तक उत्तराखण्ड को नशा मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। नशा से मुक्ति के लिए सबको दृढ़ संकल्प लेना होगा और अन्य लोगों को भी नशा मुक्ति के प्रति जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि एक अच्छे समाज के लिए सबका स्वस्थ शरीर होना जरूरी है। स्वस्थ मन, वचन, एवं कर्म के लिए मनुष्य का निरोगी होगा जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत को विश्वगुरू बनाने के लिए सबको अपना योगदान देना होगा।

हमारी युवा पीढ़ी जो आने वाले समय में देश के कर्णधार होंगे, उन्हें सही दिशा मिलनी जरूरी है। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष दीप पाठक, भाजपा प्रदेश मंत्री सुश्री हेमा जोशी, नगर पंचायत अध्यक्ष बनबसा रेनू अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा, मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत, अपर जिलाधिकारी हेमंत कुमार वर्मा समेत विभिन्न विभागीय अधिक आदि मौजूद रहे।

# बनबसा में सीएम ने लगाया जनता दरबार, लोगों की सुनी फ़रियाद

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चम्पावत, 31 अक्टूबर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देवभूमि कॉलेज ऑफ एजुकेशन बनबसा में आयोजित मुख्य सेवक जनता मिलन कार्यक्रम में प्रतिभाग कर स्थानीय जनता की समस्याएं सुनी।

जनता मिलन कार्यक्रम में लोगों द्वारा विभिन्न समस्याओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया। कुछ समस्याएं सड़क निर्माण,जल भराव,पेयजल, स्वरोजगार,सौर ऊर्जा, शौचालय निर्माण आदि की भी समस्याएं रखी। जन समस्या शिविर में विभिन्न लोगों द्वारा अपनी अपनी समस्याएं मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। मुख्यमंत्री ने लोगों की समस्याओं के निस्तारण हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्याओं को ससमय निस्तारण करें जिससे किसी को भी अनावश्यक परेशानी न हो।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की समस्या जिस स्तर की हो उसका समाधान उसी स्तर पर होना चाहिए। बेवजह वह समस्या उच्च स्तर पर न आए। अगर ऐसा होता है तो संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जायेगी। इस दौरान प्रदेश भाजयुमो अध्यक्ष शशांक रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष दीप पाठक, भाजपा प्रदेश मंत्री हेमा जोशी, नगर पंचायत अध्यक्ष बनबसा रेनू अग्रवाल, उपाध्यक्ष बीसूका संतोष थपलियाल, पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पींचा, मुख्य विकास अधिकारी आरएस रावत अन्य लोग मौजूद रहे।







# सिने कलाकारों को मिलने के साथ ही करें अपने हुनर हुनर का प्रदर्शन

## 7वें देहरादून इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में इस बार आयोजित हो रहा उत्तराखंड टैलेंट हंट







**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 31 अक्टूबर।उत्तराखंड का एकमात्र सबसे बड़ा आयोजन 7वां देहरादून इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का आगाज आगामी 11 नवंबर से होने जा रहा है पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी कई सितारों , फ़िल्म डिरेक्टर, सिंगर आदि से उत्तराखंड की जनता रूबरू होगी। वही पहली बार फिल्म फेस्टिवल के साथ-साथ उत्तराखंड टैलेंट हंट का आयोजन भी किया जा रहा है। जानकारी देते हुए देहरादून इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के आयोजक राजेश शर्मा जी ने बताया कि इसमें दो ग्रुप रखे गए हैं 8 से 15 साल वह 16 साल से ऊपर जिसमें प्रतिभागी अपनी कला जैसे कि डांस एक्टिंग पोएट्री मिमिक्री सिंगिंग आदि का प्रदर्शन जजेस के समक्ष करेंगे और अंतिम फैसला जजेस का ही रहेगा जीतने वाले प्रतिभागियों को अवार्ड व सर्टिफिकेट तो दिया ही जाएगा साथ ही वोकल म्यूजिक कॉमेडी मिर्ची वीडियोस और देहरादून इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के



आने वाले प्रोजेक्ट में भी मौका मिलेगा। राजेश शर्मा ने बताया कि यह उत्तराखंड के युवाओं के लिए बहुत ही सुनहरा अवसर है कि वह अपनी कला का प्रदर्शन करें और उनको साथ ही साथ ऐसे कलाकारों से मिलने का मौका मिलेगा जिनके साथ वे उनके अनुभव साझा कर सकते हैं राजेश जी ने बताया कि पिछले 7 वर्षों से देहरादून इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का आयोजन होता आ रहा है और कितने ही नए-नए डायरेक्टर प्रोड्यूसरस को एक प्लेटफार्म देने की कोशिश की गई है । उत्तराखंड से भी कई ऐसे डायरेक्टर प्रोड्यूसर निकल कर आए हैं जो आज नेशनल लेवल पर अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहे हैं। अब उत्तराखंड टैलेंट हंट के माध्यम से युवाओं को अन्य क्षेत्रों में भी अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका देने का यह एक प्रयास और किया जा रहा है।

# विकसित करें बच्चों में फैसला लेने की क्षमता, संवरेगा उनका जीवन





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 31 अक्टूबर। कोई भी रिश्ता हो उसमें उतार-चढ़ाव होते हैं। लेकिन जब समस्याओं को हल करने के लिए पेशेवर मदद लेने की बात आती है, तो लोग इसके बारे में विचार करने लगते हैं। हालांकि, ये आपके रिश्ते में सही करने का सर्वोत्तम तरीकों में से एक है। एक जोड़े के रूप में समस्याएं होना आम है। कई जोड़ों को संघर्ष का सामना करना पड़ता है। अगर आप कपल थेरेपी की कोशिश करने में रुचि रखते हैं या सोंच रहे हैं कि क्या यह आपके लिए उपयुक्त है, तो यहां पर हम आपको इसके बारें में विस्तार से बता रहे हैं जिससे आपकी मदद हो सकती हैं।

**कॉन्फीडेंस बढ़ाएं**

बच्चों के अंदर डिसीजन लेने की क्षमता का विकास करने के लिए सबसे पहले उनके आत्म विश्वास को मजबूत करने की जरूरत होती है। ऐसे में घर के हर नए कामों में बच्चों की राय लेने की कोशिश करें। साथ ही बच्चों की इच्छाओं को महत्व दें। जिससे बच्चे का कॉन्फीडेंस बढ़ने लगेगा।

**अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलें**

हर बच्चा अपना एक कंफर्ट जोन बनाता है, जिसमें वह आराम से अपना काम करता रहता है। ऐसे बच्चा को अगर कोई नया काम सौंप दिया जाए तो वे घबरा जाते हैं और करने से मना कर देते हैं। इसलिए हमेशा उन्हें चुनौतियां को स्वीकार करना सिखाएं और आगे बढ़ें। जैसे ही बच्चे कुछ नया करना शुरू करेंगे आपके अंदर आत्मविश्वास दिखने लगेगा।

**बच्चों से करें दोस्ती**

कुछ पैरेंट्स बच्चों के साथ काफी सख्त व्यवहार करते हैं। जिसके चलते बच्चे पैरेंट्स के आगे खुलकर बात करने से कतराने लगते हैं। इसलिए बच्चों के साथ दोस्तों जैसा व्यवहार रखने की कोशिश करें। जिससे बच्चे आपसे खुलकर बातें कर सकेंगे और आपको भी उन्हें सही-गलत की पहचान कराने में ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ेगी।

**सवाल करें**

आपके लिए अपने बच्चों से सवाल करना इसलिए भी जरूरी हो जाता है क्योंकि इससे आपके बच्चे में बोलने और सोचने-समझने की झमता में वृद्धि होती है। ये एक तरीके का आपके बच्चे के मानसिक स्वास्थ्य का व्यायाम है जो उन्हें सोचने के लिए एक्टिव करने की कोशिश करता है। आप उन्हें किसी कहानी वाली किताब को पढ़ने के लिए दें और फिर जब वो पढ़ लें तो आप उनसे उस कहानी के बारे में सवाल करें। ये बच्चों की सोच और समझ को बेहतर बनाने के साथ उनके स्तर को जांचने का भी एक बेहतर तरीका है

# एसीएस राधा रतूड़ी ने दिलाई एकता की शपथ



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 31 अक्टूबर। अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर सचिवालय के अधिकारियों एवं कार्मिकों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई।

अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय के समस्त अधिकारियों एवं कार्मिकों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने में स्वयं को समर्पित करने तथा देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में अपना योगदान करने का संकल्प लेने की शपथ दिलाई।






# राष्ट्रीय एकता दिवस पर पुलिस परिवार ने ली एकता की शपथ

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 31 अक्टूबर। एसएसपी दलीप सिंह कुँवर द्वारा देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन देहरादून में पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। इसके साथ-साथ पुलिस अधीक्षक अपराध द्वारा पुलिस कार्यालय देहरादून व क्षेत्राधिकारी द्वारा अपने अपने कार्यालयों तथा थाना प्रभारियो व चौकी प्रभारियो द्वारा अपने अपने थाना व चौकियो मे नियुक्त समस्त अधीनस्थों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई।

# खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने फुटबॉल टूर्नामेंट में पहुंचे सीएम धामी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

टनकपुर 31 अक्टूबर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्पोर्ट्स स्टेडियम टनकपुर में एम.बी एजुकेशनल सोसायटी द्वारा आयोजित द हिमालयन कप फुटबॉल टूर्नामेंट 2022 कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने फुटबाल मैच का शुभारंभ किया।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हिमालयन राज्य एवं अर्धसैनिक बलों के मध्य आयोजित इस फुटबॉल प्रतियोगिता से निश्चित रूप से यहां के युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होगा। इस प्रकार के आयोजनों से क्षेत्र में जहां एक और खेल गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलता है, वहीं पर्यटन को भी बढ़ावा मिलता है। खेल मन में एक सकारात्मक भाव पैदा करता है। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार द्वारा नई खेल नीति बनाई गई है, जिसके अंतर्गत प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होगा। सभी को समान रूप से खेल नीति का लाभ प्राप्त होगा। खेल नीति के अंतर्गत युवा खिलाड़ियों की खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न खेल स्टेडियमों का निर्माण भी किया जा रहा है। प्रत्येक ग्राम सभा में ओपन जिम भी खोले जाने का निर्णय लिया गया है। महिलाओं को भी खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाए जाने हेतु उधम सिंह नगर में महिला स्पोर्ट कॉलेज का निर्माण किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देहरादून में स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी बनाई जा रही है। राज्य सरकार विकल्प रहित संकल्प के ध्येय वाक्य से आगे बढ़ रही है। जनपद स्तरीय अधिकारीयों की जिम्मेदारी तय की गई है की प्रत्येक स्तर पर जन समस्याओं का निराकरण हो। उन्होंने कहा सरलीकरण समाधान और निस्तारण के मंत्र पर सरकार काम कर रही है। उत्तराखण्ड को 2025 तक देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने की दिशा में हर क्षेत्र में तेजी से कार्य हो, इस दिशा में सरकार आगे बढ़ रही है।आयोजन समिति के अध्यक्ष व पूर्व राष्ट्रीय फुटबॉलर सुभाष अरोड़ा व देवेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि हिमालयी राज्यों में पर्यावरण संरक्षण व फुटबॉल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पहली बार इस टूर्नामेंट की शुरूआत की जा रही है। टूर्नामेंट का आयोजन दो चरणों में होगा। नॉकआउट राउंड के क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और फाइनल मैच देहरादून के पवेलियन ग्राउंड में आयोजित होंगे। पहली बार किसी फुटबॉल टूर्नामेंट की लाइव स्ट्रीमिंग दूरदर्शन, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक व यूट्यूब पर दिखाने के साथ ही रेड एफएम व ओहो रेडियो पर सुनी जा सकती है।






उल्लेखनीय है कि फुटबॉल टूर्नामेंट राज्य के तीन जनपदों में आयोजित किया जा रहा है, जिसमे चंपावत जिला भी शामिल है, टूर्नामेंट में उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम एचएम स्पोर्टिंग क्लब, अपुयेमी एफसी नागालैंड, असम राइफल्स, गढ़वाल हीरोज, जम्मू-कश्मीर, खाड़ हिमाचल प्रदेश, गढ़वाल राइफल्स, सीआरपीएफ, कंचनजंगा एफसी, लद्दाख की टीम प्रतिभाग कर रही है। विजेता टीम को पांच लाख रुपये व ट्रॉफी, उपविजेता-तीन लाख रुपये व ट्रॉफी के साथ ही अन्य टीमों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष टनकपुर विपिन कुमार, नगर पालिका अध्यक्ष पिथौरागढ़ राजेंद्र रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री दीप पाठक, भाजपा प्रदेश मंत्री हेमा जोशी, पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा, संयुक्त निदेशक खेल धर्मेंद्र भट्ट, एवं अन्य लोग मौजूद रहे।


# स्वास्थ्य सचिव की बड़ी कार्रवाई, लापरवाही की कोई गुंजाईश नहीं

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 31 अक्टूबर। उत्तराखण्ड के स्वास्थ्य सचिव आर राजेश कुमार ने नशे की हालत में ड्यूटी करने को लेकर चिकित्साधिकारी पर बड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सचिव स्वास्थ ने ड्यूटी के दौरान नशे की हालत में पाए जाने पर चिकित्साधिकारी की सेवाएं प्रथम दृष्टिया तत्काल प्रभाव से एतद्द्वारा समाप्त करने के आदेश दिए हैं। चिकित्साधिकारी (संविदा) सी०एच०सी० रायपुर, देहरादून में तैनात डॉ० दिनेश चन्द्र सेमवाल द्वारा नशे की हालत में ड्यूटी करने का मामला सामने आया है। जिसका पूरा घटनाक्रम सोशल मीडिया पर भी चर्चित है। सोशल मीडिया माध्यमों से संज्ञान में आने के बाद राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखण्ड के अन्तर्गत सी०एच०सी० रायपुर, जनपद- देहरादून में अपनी तैनाती के दौरान दिनांक 30.102022 को चिकित्साधिकारी द्वारा नशे की हालत (सम्भवतः मदिरा) में ड्यूटी की गयी। एक चिकित्सक के द्वारा अपनी ड्यूटी के समय नशे की हालत (सम्भवतः



मदिरा) में मरीजों को देखना अपने कर्तव्यों का उल्लंघन है एवं मरीजों को जान-माल का खतरा भी उत्पन्न हो सकता है। इन सभी बातों को आधार मान कर संज्ञान लेते हुए डॉ० दिनेश चन्द्र सेमवाल की सेवायें प्रथम दृष्टया तत्काल प्रभाव से एतद्द्वारा समाप्त की गयी है। ज़ाहिर है इस कार्यप्रणाली से स्वास्थ्य विभाग की छवि धूमिल हो रही है एवं आम जनमानस पर स्वास्थ्य विभाग की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना भी स्वाभाविक है। लिहाज़ा इन पर सख्त कार्रवाई करना बेहद ज़रूरी हो गया था।



कार्यालय मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखण्ड
(उत्तराखण्ड स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड शासन)
सहस्त्रधारा रोड, देहरादून –248001
ई.मेल mdnhmuk@gmail.com फोन / फैक्स 0135-2608646

पत्रांक– 2451 /NHMUK/HR/2022-23/155 दिनांक– 31 /10 /2022

कार्यालय–आदेश

डॉ० दिनेश चन्द्र सेमवाल
चिकित्साधिकारी (संविदा)
सी०एच०सी० रायपुर, देहरादून।

आपके विरूद्ध विभिन्न सोशल मीडिया माध्यमों से संज्ञान में आया है कि आप द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखण्ड के अन्तर्गत सी०एच०सी० रायपुर, जनपद–देहरादून में अपनी तैनाती के दौरान दिनांक 30.10.2022 को आप द्वारा नशे की हालत (सम्भवतः मदिरा) में ड्यूटी की गयी, जिसका पूरा घटनाक्रम सोशल मीडिया पर भी चर्चित है। आप अवगत है कि नशे की हालत में (सम्भवतः मदिरा) में ड्यूटी करना चिकित्सकीय लापरवाही को दर्शाता है, जो कि खेद का विषय है। एक चिकित्सक के द्वारा अपनी ड्यूटी के समय नशे की हालत (सम्भवतः मदिरा) में मरीजों को देखना अपने कर्तव्यों का उल्लंघन है एवं मरीजों को जान–माल का खतरा भी उत्पन्न हो सकता है। आप द्वारा उपरोक्त की गयी चिकित्सकीय लापरवाही स्वास्थ्य विभाग के लिये अत्यन्त चिन्तनीय विषय है। आपकी इस कार्यप्रणाली से स्वास्थ्य विभाग की छवि धूमिल हो रही है एवं आम जनमानस पर स्वास्थ्य विभाग की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना भी स्वाभाविक है।

उपरोक्त प्रकरण का संज्ञान लेते अनुबंध की शर्त संख्या–15 एवं 25 के निम्नलिखित प्राविधानानुसार आपकी सेवायें प्रथम दृष्टया तत्काल प्रभाव से एतद्द्वारा समाप्त की जाती है–

*Clause No. 15 – "Notwithstanding anything contained therein above services of (Name of Employee) may be terminated at any time by the competent authority of the society if he/she is guilty of any insubordination intemperance or other misconduct or of breach or non-performance without any prior notice."*
*Clause No. 25 – "If (Name of Employee) found under the influence of smoking/chewing tobacco or intoxicating liquor or drugs at the workplace/Office premises his/her services can be terminated/dismissed immediately without giving any prior notice."*

(डॉ० आर० राजेश कुमार)
सचिव (प्रभारी) / मिशन निदेशक।

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–
1. सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड शासन।

# आगामी सत्र को लेकर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण की अध्यक्षता में दलीय नेताओं की बैठक हुई

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



देहरादून 31 अक्टूबर। उत्तराखंड की पंचम विधानसभा के आगामी सत्र को लेकर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण की अध्यक्षता में दलीय नेताओं की बैठक हुई । इस दौरान आगामी सत्र से जुड़े विभिन्न विषयों को लेकर सभी दलों के नेताओं के बीच चर्चा हुई।

इस बैठक में संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, बहुजन समाज पार्टी से मौ शहजाद एवं निर्दलीय विधायक संजय डोभाल मौजूद रहे। बैठक में आगामी विधानसभा सत्र गैरसैंण अथवा देहरादून में बुलाये जाने संबंधित विषय पर बातचीत हुई। विधानसभा अध्यक्ष ने सर्वदलीय बैठक के दौरान आने वाले सत्र में सभी दल के नेताओं से सदन को शांतिपूर्वक एवं सुचारु रुप से सारगर्भित और गुणवत्तापूर्ण संचालित किए जाने के लिए सहयोग की अपेक्षा की जिससे सदन की कार्यवाही को सुगमतापूर्वक चलाया जा सके। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के विकास एवं जनहित में उठाये गए मुद्दों पर सदन में सकारात्मक चर्चा होगी। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि वह सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के सभी सदस्यों को साथ लेकर समान अवसर प्रदान करेंगी। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने बैठक में सरकार के समक्ष सत्र को गैरसैंण अथवा देहरादून में आहुत किए जाने के संबंध में अपनी बात रखी है, सरकार द्वारा निर्णय लिया जाना है कि सत्र गैरसैंण में हो या फिर देहरादून में। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि विधान सभा सचिवालय भराड़ीसैंण विधानसभा भवन एवं देहरादून किसी में भी सत्र संचालित किए जाने के लिए पूर्ण रुप से तैयार है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आगामी सत्र 16 दिसंबर से पहले आहूत किया जाना है। उन्होंने बताया कि सर्वदलीय बैठक के दौरान निर्दलीय विधायकों को आमंत्रित सदस्य के रूप में बुलाया गया था। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सदन प्रदेश की सामूहिक आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है और यह सदस्यों की जिम्मेदारी है कि वे सदन की मर्यादा और नियमों के बीच उन लोगों की चिंताओं को आवाज दें जिनका वे प्रतिनिधित्व करते हैं।उन्होंने कहा कि सदन सभी सदस्यों का है और वह सभी को कार्यवाही में भाग लेने के लिए पर्याप्त अवसर देंगी ताकि जनहित के अधिक से अधिक मुद्दों पर चर्चा की जा सके।




# उपसचिव प्रमोद पांडेय को उत्तराखंड विधानसभा में दी गयी विदाई



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 31 अक्टूबर। उत्तराखंड विधानसभा सचिवालय के शोध एवं संदर्भ अनुभाग में उपसचिव पद पर कार्यरत प्रमोद पांडेय के सेवानिवृत्त होने पर विधानसभा परिसर, देहरादून में अधिकारियों एवं कार्मिकों ने विदाई समारोह का आयोजन कर उन्हें भावभीनी विदाई दी। इस मौके पर उपस्थित उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने प्रमोद पांडेय को सम्मानित कर उन्हें जीवन की नई पारी के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके स्वस्थ जीवन की कामना की।

विदाई समारोह के दौरान अधिकारियों के साथ कर्मचारियों ने प्रमोद पांडेय को उपहार व बुके भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सरकारी सेवा से सेवामुक्त एक स्वत प्रक्रिया होती है। सभी को एक दिन सेवा मुक्त होना है, लेकिन सेवानिवृत्ति का वह क्षण बेहद सुखद होता है, जब बेदाग सेवानिवृति होने का अवसर प्राप्त हो। विधानसभा अध्यक्ष ने प्रमोद पांडेय की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने सेवानिवृत्त के अंतिम दिन तक भी अपने कार्यों को सरलता व सहजता के साथ ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया।

इस मौके पर अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपने संबोधन के दौरान उनके स्वस्थ्य मंगल जीवन की कामना की। इस अवसर पर विधानसभा के प्रभारी सचिव हेम पंत, उप सचिव नरेंद्र रावत सहित अन्य अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे।

# गुरुग्रंथ साहिब की स्थापना के पीछे गुरुगोबिंद सिंह जी की बड़ी सोच : सूर्यकान्त धस्माना



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 31 अक्टूबर। देहधारी गुरु की परंपरा को समाप्त कर श्री गुरुग्रंथ साहिब को ही गुरुस्वरूप के रूप में स्थापित करने के पीछे दसवें गुरु श्री गुरुगोबिंद सिंह जी की बड़ी व दूरदर्शी सोच थी , यह बात आज गुरुद्वारा लक्खीशाह पटेलनगर में गुरतागद्दी दिवस के अवसर पर आयोजित चार दिवसीय गुरुग्रंथ साहिब के पाठ व कीर्तन दरबार के कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकान्त धस्माना ने संगतों को बधाई देते हुए कही। उन्होंने कहा कि श्री गुरुगोबिंद सिंह जी त्रिकालदर्शी थे व उनको यह मालूम था कि कलयुग के एक चरण में ऐसा समय आएगा जब धर्म की आड़ में ढोंगी और भोगी लोग गुरुओं की वेशभूषा पहन कर अपने आप को भगवान घोषित कर देंगे इसलिए उन्होंने अपने बाद देहधारी गुरु की परंपरा को समाप्त कर उसके स्थान पर श्री गुरुग्रंथ साहिब को ही गुरु घोषित करते हुए हुकमनामा जारी किया कि उनके बाद सब सिख हमेशा श्री गुरुग्रंथ साहिब को हो गुरु मानेंगे व किसी भी देहधारी को गुरु रूप में स्वीकार नहीं करेंगे। धस्माना ने कहा कि आज जिस प्रकार से धर्म की आड़ में अनेक लोग स्वघोषित गुरु बन कर तमाम तरीके के व्यभिचार दुराचार व अपराध कर जेलों में हैं उससे गुरुगोबिंद सिंह जी की दूरदर्शिता के बारे में अनुमान लगाया जा सकता है। श्री धस्माना ने कहा कि गुरुगोबिंद सिंह जी ने न केवल देहधारी गुरु परंपरा को समाप्त किया बल्कि उन्होंने स्वयं अपने आपको भी भगवान कहने से लोगों को सख्ती से मना करते हुए कहा कि ₹जो हमको परमेश्वर उचरे नरक कुंड में उ सब परै।₹ इन चार दिनों तक चले कार्यक्रमों में गुरुग्रंथ साहिब के पाठ के अलावा देश के प्रसिद्द कीर्तनियो जिनमें प्रमुख रूप से फतेहगढ़ से पधारे भाई जसप्रीत सिंह, गंगानगर राजस्थान से पधारे भाई गगनदीप सिंह,भाई सुखपाल सिंह,भाई अमरजीत सिंह, भाई करण सिंह, भाई गुरदयाल सिंह,भाई चरण जीत सिंह,भाई कंवरपाल सिंहभाई सतवंत सिंह,भाई ओमवीर सिंह जी ने कीर्तन से लोगों को मंत्र मुग्ध किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा सूर्यकान्त धस्माना को सरोपा पहना कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गुरु सिंह सभा के प्रधान सरदार गुरुबख्श सिंह, महामंत्री सरदार गुलजार सिंह, सरदार ओम प्रकाश राठौर , अशोक गोलानी आदि विषेश रूप से उपस्थित रहे।

# मंत्री रेखा आर्या ने युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग की समीक्षा बैठक ली

## चारधाम यात्रा में काम करने वाले पीआरडी जवानों और एसडीआरएफ में काम किये हुए जवानों को जल्द मिलेगा चार माह का क्रमशः 14 करोड़ 59 लाख और 31लाख 11हजार रुका हुआ मानदेय : रेखा आर्या

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 31 अक्टूबर। देहरादून स्थित विधानसभा भवन में युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल से सम्बन्धित समीक्षा बैठक ली। जिसमें पीआरडी जवानों का विभिन्न विभागों में लंबित मानदेय, भुगतान, नियमित ड्यूटी और अन्य महत्वपूर्ण विषयों/समस्याओं के संबध में विभागीय अधिकारियो और संगठनों के पदाधिकारियों के साथ चर्चा की गई। साथ ही बैठक में पीआरडी जवानों को 300 दिन का रोजगार, चार माह का रुका हुआ मानदेय, मातृत्व अवकाश सहित कई विभिन्न बिन्दुओ पर विस्तृत चर्चा की गई।कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने जानकारी देते हुए बताया कि पीआरडी जवानों के चार माह का रुका हुआ मानदेय इसी हफ्ते दे दिया जायेगा जिसमें कि चारधाम यात्रा में कार्य किये करीब 2हजार जवानों का मानदेय जो की 14 करोड़ 59 लाख रुपये के लगभग है,साथ ही एसडीआरएफ में काम किये हुए 59 जवानों का लगभग 31लाख 11हजार का मानदेय है। वहीं इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने बैठक में अधिकारियो को शासनादेश और उसका प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए कि भविष्य में जो भी विभाग पीआरडी जवानों को अपने यहाँ पर लगाएंगे वह जवानों के मानदेय के लिए अपने यहाँ बजट का निर्धारण करेंगे जिससे उनका मानदेय उन्हें समय पर प्राप्त हो सके।





कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि पीआरडी कार्मिकों का एक दिवसीय मानदेय के आधार पर सरकार के अशंदान के साथ जोड़कर एकमुश्त आर्थिक सहायता के रूप में सेवानिवृत्ति पर प्रदान किया जायेगा। मंत्री ने सेवारत पीआरडी कार्मिक की मृत्यु पर उसके परिवार से उसके पुत्र या पत्नी को मृतक आश्रित के तौर पर नियुक्ति देने हेतु अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए नियमावली में संशोधन करने को कहा। साथ ही मंत्री रेखा आर्या ने पीआरडी महिला कार्मिकों को मातृत्व अवकाश दिये जाने पर सहमति जताते हुए कहा कि इस संबंध में प्रस्ताव को जल्द से जल्द कैबिनेट में रखा जायेगा।


मंत्री ने पीआरडी कार्मिकों की सेवानिवृत्ति की आयु 50 वर्ष से बढ़ाकर 60 वर्ष करने हेतु नियमावली में जरूरी संशोधन करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिस विभाग में पीआरडी कार्मिक की नियुक्ति की जायेगी, उनके मानदेय के भुगतान का सम्पूर्ण दायित्व संबंधित विभाग का होगा, जिसका जल्द से जल्द शासनादेश लाया जायेगा।मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि पीआरडी की भर्ती में शैक्षिक योग्यता कक्षा-8 के स्थान पर कक्षा-10 और भर्ती की आयु सीमा 18 से 45 वर्ष के स्थान पर 18 से 30 वर्ष करने के सम्बन्ध मे प्रस्ताव निदेशालय स्तर पर तैयार किया जाये साथ ही ब्लाक कमाण्डर एवं हल्का सरदार का चयन 22 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त स्वयं सेवको में से किया जाय।वही कैबिनेट मंत्री ने बताया कि पीआरडी स्वयं सेवकों की सेवा में तैनाती की आयु वर्तमान में 50 वर्ष है, इसको बढ़ाकर 60 वर्ष किये जाने का प्रस्ताव भी शासन को प्रेषित किया गया है,अधिकारियो को निर्देश दिये गये कि शासन स्तर उत्तर प्रदेश राज्य की भांति शासनादेश लागू किया जाय।

इस अवसर पर उप सचिव गृह अखिलेश मिश्रा ,विशेष प्रमुख सचिव खेल एवं युवा कल्याण अभिनव कुमार ,निदेशक खेल एवं युवा कल्याण जितेन्द्र सोनकर ,जॉइंट डायरेक्टर युवा कल्याण अजय कुमार , उप निदेशक युवा कल्याण शक्ति सिंह , प्रांतीय रक्षक दल हित संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद मंन्द्रवाल ,संदीप उपाध्याय , दिनेश प्रसाद सहित समस्त जनपदों के प्रांतीय रक्षक दल संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# चमोली पुलिस ने ली राष्ट्र की एकता अखण्डता को बनाए रखने की शपथ

## सच्चे मायनों में तभी होगी देशभक्ति, जब एक होकर हम दिखायें एकता की शक्ति





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

गोपेश्वर, 31 अक्टूबर। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राष्ट्र की एकता, अखंडता को अक्षुण्य रखने के उद्देश्य से जनपद चमोली के पुलिस अधिकारी/कर्मचारी गणों के मध्य सभी थाना/चौकियों/कार्यालयों में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। पुलिस उपाधीक्षक चमोली प्रमोद कुमार शाह द्वारा पुलिस लाइन में उपस्थित अधीनस्थ पुलिस अधिकारी/कर्मचारी गणों, एनसीसी कैडेटों को संबोधित करते हुए बताया गया, कि भारत के लौह पुरुष कहे जाने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाता है। चूंकि सरदार वल्लभ भाई पटेल द्वारा देश को हमेशा एकजुट करने के लिए अनेकों प्रयास किये गए, इन्ही कार्य को याद करते हुए इस दिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया गया है। इसीलिए पुलिस बल का यह विशेष कर्तव्य होना चाहिए कि हम पुलिस के अनुशासित बल में नियुक्त रहते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता को अक्षुण्य रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान बनाए रखें।

**ये ली गयी शपथ ---**

मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूॅ, कि मैं राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूॅ जिसे सरदार बल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यो द्वारा सम्भव बनाया जा सका, मैं अपने देश की आन्तरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठता से संकल्प करता हूॅ।इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन नताशा सिंह, यातायात निरीक्षक प्रवीण आलोक, निरीक्षक अभिसूचना आदि अधि0/कर्म0 मौजूद रहे।

## संपादकीय

# पीछे मुड़कर देखता चुनाव

भाजपा की अपनी पिच एक हद तक कमजोर साबित हो रही है और अगर ये दाग कहीं गहरे हो गए तो चुनावी फांस में इनका प्रतिकूल असर भी देखने को मिल सकता है। बागियों के सामने राजनीति की असहनीय कमजोरियां और पार्टियों के भीतर घटता अनुशासन भी देखा जाएगा। राजनीति का व्यक्तिवाद अब चीख-चीख कर सीनाजोरी पर उतर आया और देखा यह जा रहा है कि वर्षों तक सत्ता सुख भोग कर भी नेता तृप्त नहीं हो रहे। खैर भाजपा को फांस लगाने के लिए कांग्रेस के आरोप पत्र पर भी कई प्रश्न चस्पां हैं। चुनाव के मध्य चार्जशीट के आने को जनता कितनी गंभीरता से लेती है, इससे भी गहरा संशय यह कि इसे सियासी शिगूफा ही क्यों न माना जाए। 'लूट की छूट' का दस्तावेजीकरण भले ही प्रश्नों के दायरे बड़े कर दे, लेकिन इस देरी की वजह तो पूछी ही जाएगी। तेईस पन्नों की लिखावट में भाजपा को सिफर करने की तोहमतें यूं तो जानी पहचानी सी हैं, लेकिन भ्रष्टाचार को बड़ा मुद्दा बना कर कांग्रेस ने अपने सारे हथियार खोल दिए हैं। कांग्रेस के निशाने पर मुख्यमंत्री समेत मंत्रिमंडल के अधिकांश सदस्य हैं, तो विभागीय कारगुजारियों का जहन्नुम खड़ा किया जा रहा है। यानी सरकारी खरीद-फरोख्त, स्थानांतरण, कर्मचारी चयन, पेपरलीक, अवैध वन कटान और गोवंश के प्रति असंवेदनशील रही सरकार की करतूतों को क्रमबद्ध करके कांग्रेस ने अपने अभियान को फूंक मारी है। जाहिर है भाजपा भी करीने से अपनी शब्दावली को और सख्त तथा लहजे में आरोपों की ऊष्मा भरेगी, लेकिन कांग्रेस को घेरने के परिचित अंदाज से हटकर पार्टी को रक्षा कवच धारण करना होगा। टिकटों के आबंटन और घर के बागियों के तंबू लगे होने के कारण भाजपा इस बार कम से कम कांग्रेस को परिवारवाद पर शायद ही घसीट पाए। प्रदेश की आर्थिक स्थिति और उधार की अर्थव्यवस्था पर भी भाजपा के पास केंद्र का ऐसा कोई आर्थिक पैकेज नहीं जिसे परोस दिया जाए। अलबत्ता विकास की डफली फिर बजेगी और डबल इंजन सरकार के मुहावरों में कई ताम्र पत्र सामने जरूर आएंगे। भाजपा को अपनी सत्ता की जवाबदेही में ऊना के बल्क ड्रग पार्क, नालागढ़ के मेडिकल डिवाइस पार्क, बिलासपुर के एम्स और मंडी के एयरपोर्ट, पटेल और मेडिकल विश्वविद्यालयों से नीचे उतर कर बताना पड़ेगा कि कांगड़ा, चंबा, हमीरपुर, कुल्लू, सिरमौर व शिमला जैसे जिलों में कौन सी परियोजनाओं का श्रीगणेश किया। क्या चुनाव के मार्फत राज्य के सरोकार फिर राजनीतिक गलियारों में बंट कर नए क्षेत्रवाद के नारों को ऊंचा स्वर देंगे या कांग्रेसी आरोपों की खिचड़ी पकने से पहले ही बर्बाद हो जाएगी, कुछ भी कहा नहीं जा सकता। यह दीगर है कि बागियों के तंबू में लगी आग को दूर से देखने की जुर्रत न तो कांग्रेस कर सकती है और न ही विश्व की सबसे बड़ी पार्टी की संगठनात्मक ताकत के हाथ में ऐसी कोई कूबत है। इस बार का चुनावी गणित कई भंवर देख रहा है और अगर बागी उम्मीदवार अपनी-अपनी पार्टियों के खीसे से तीन हजार मत भी छीन सके, तो कयामत आ जाएगी। यानी जीत-हार के लिए लगभग ढाई दर्जन विधानसभा क्षेत्रों का मूड काफी कुछ तय करेगा।

# नवनियुक्त कुलपतियों को शपथ दिलाएगा राजभवन

## ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य होगा उत्तराखंड

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून, 31 अक्टूबर। राजभवन अब विश्वविद्यालयों में नियुक्त होने वाले कुलपतियों को पद एवं सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाएगा। देश में अभी कहीं भी विश्वविद्यालय के कुलपति को राजभवन में शपथ दिलाने की परंपरा नहीं है। उत्तराखंड ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य होगा।

सोमवार को राजभवन में राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने कहा कि विश्वविद्यालयों को शिक्षा व्यवस्था विद्यार्थी केंद्रित करने का प्रयास करना चाहिए। छात्रों का सर्वांगीण विकास एवं शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हमारा लक्ष्य होना चाहिए।

बैठक में राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों को स्वायत्तता, पारदर्शिता के साथ जवाबदेही पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कहा कि विश्वविद्यालय नियुक्तियों एवं कार्य परिषदों की बैठकों में पूरी पारदर्शिता बरतें। सभी विश्वविद्यालय अपनी उपलब्धियों, बेस्ट प्रैक्टिस आदि की मासिक रिपोर्ट राजभवन को भेजना तय करें। विश्वविद्यालय में आंतरिक समस्याओं के समाधान कुलपति स्तर पर ही खोजे जाएं और विश्वविद्यालयों में सहयोगपूर्ण वातावरण बढ़ाया जाए।

उन्होंने सभी कुलपतियों से कहा कि विश्वविद्यालय के लिए सीएसआर और एल्युमनाई स्कॉलरशिप की संभावनाओं की तलाश करें। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों की कार्यप्रणाली को जानने के लिए वह स्वयं विश्वविद्यालयों का भ्रमण करेंगे। बैठक में विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने अपने विश्वविद्यालय की संबद्धता के मामलों, विभिन्न नियुक्तियों में पारदर्शिता, वर्षा जल संरक्षण, ई-ऑफिस, स्वच्छता अभियान सहित अन्य कार्यों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई। बैठक में सचिव राज्यपाल डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा, सचिव रविनाथ रामन, सचिव डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम, सचिव डॉ.पंकज कुमार पांडेय, सचिव(प्रभारी) डॉ.आर राजेश कुमार, विधि परामर्शी राज्यपाल अमित कुमार सिरोही, अपर सचिव स्वाती एस.भदौरिया, कुलपति उत्तराखंड मुक्त विवि डॉ.ओपीएस नेगी, कुलपति श्रीदेव सुमन विवि डॉ. पीपी. ध्यानी, कुलपति जीबीपंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि डॉ. मनमोहन चौहान, कुलपति उत्तराखंड तकनीकी विवि प्रो.ओमकार सिंह, कुलपति आयुर्वेदिक विवि प्रो. सुनील कुमार जोशी, कुलपति उत्तराखंड संस्कृत विवि प्रो. दिनेश चंद्र शास्त्री, कुलपति चिकित्सा शिक्षा विवि प्रो.हेमचन्द्र, कुलपति कुमाऊं विवि डॉ.एनके जोशी आदि उपस्थित रहे।

# दिवाली बीत गयी स्कूल नहीं पहुंचे गुरूजी प्रधानाध्यापक सहित चार शिक्षक निलंबित...

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




उत्तरकाशी 31 अक्टूबर। दिवाली अवकाश समाप्त होने के बाद भी स्कूल नहीं पहुंचने वाले राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जेमर के प्रधानाध्यापक सहित चार शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया है। उक्त चारों शिक्षकों को शिक्षा विभाग के जनपद मुख्यालय से संबद्ध किया गया है।दिवाली की छुट्टी के बाद स्कूल नहीं लौटने पर शिक्षा विभाग ने उच्च प्राथमिक विद्यालय जेमर के प्रधानाध्यापक सहित चार शिक्षकों का जवाब तलब किया था। साथ ही अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने की आदेश भी जारी किए थे। विभाग का कहना है कि मामले की सत्यता पाए जाने पर निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।उच्च प्राथमिक विद्यालय जेमर में दिवाली के अवकाश के बाद भी शिक्षक स्कूल नहीं पहुंचे थे। शनिवार को जब छात्र अंग्रेजी का पेपर देने विद्यालय पहुंचे तो स्कूल बंद था। काफी देर इंतजार करने के बाद भी जब कोई शिक्षक नहीं आया तो छात्र लौट गए थे। इस पर आक्रोशित ग्रामीणों ने विद्यालय पहुंचकर मुख्य गेट पर ताला लगा दिया था।विभाग ने यहां तैनात प्रधानाध्यापक सहित चारों शिक्षकों का स्पष्टीकरण तलब किया था। शिक्षकों को 31 अक्तूबर तक स्पष्टीकरण देने के लिए कहा गया था। जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक पदमेंद्र सकलानी का कहना है था कि सोमवार को मैं स्वयं विद्यालय जाऊंगा। आज मामले में सत्यता पाए जाने पर निलंबन की कार्रवाई की गई।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट का बनाया फर्जी ट्वीटर अकाउंट, अज्ञात के खिलाफ दी तहरीर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



उत्तराखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट का फर्जी ट्वीटर अकाउंट बनाने और उससे ट्वीट करने का मामला सामने आया है। पार्टी के सोशल मीडिया प्रभारी शेखर वर्मा ने इस मामले में देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को तहरीर दी है। उन्होंने ट्वीटर अकाउंट बंद कराने और अज्ञात के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

एसएसपी को दी तहरीर में शेखर वर्मा ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के नाम से फर्जी ट्वीटर आईडी बनाकर भ्रामक व गैर जिम्मेदाराना ट्वीट किए जा रहे हैं। इसमें प्रदेश अध्यक्ष की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने तहरीर के साथ फर्जी अकाउंट से किए गए ट्वीट भी संलग्न किए।

फर्जी अकाउंट से ये किए गए ट्वीट

महेंद्र भट्ट के नाम से बने फर्जी ट्वीटर अकाउंट से पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के बारे में ट्वीट किया गया है। लिखा है कि श्री त्रिवेंद्र रावत जी को अविस्मरणीय वसुधारा ट्रैक पूरा करने की बधाई एवं शुभकामनाएं। एक अन्य ट्वीट में लिखा है कुमाऊं क्रशरी चंदन मनराल जी को जेल से सकुशल वापसी पर बधाई एवं शुभकामनाएं, आप कम दाम में पेपर लीक करके, युवाओं में सरकारी रोजगार यूं ही बढ़ाते रहें।

दैनिक
न्यूज वायरस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक :
मौ. सलीम सैफी
कार्यकारी सम्पादक
आशीष तिवारी
दूरभाष : 0135-2672002

email-dainiknewsvirus@gmail.com
RNI No.- UTTHIN/2012/44094

वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा

# हिमाचल विधानसभा चुनाव प्रचार में दिख रहा डॉ0 धन सिंह रावत का जलवा

## भाजपा हाईकमान ने सौंपी रोहडू और जुब्बल विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून/रोहडू, 1 नवंबर , उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत इन दिनों हिमाचल प्रवास पर हैं। जहां वह हिमाचल विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार में जुटे हैं। हिमाचल प्रदेश की रोहडू विधानसभा क्षेत्र में आयोजित चुनावी रैली को सम्बोधित करते हुये डॉ0 रावत ने कहा कि उत्तराखंड की तर्ज पर हिमाचल में भी दोबारा कमल खिलेगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों से ही हिमाचल प्रदेश का विकास संभव हैं।हिमाचल प्रदेश की रोहडू विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी शशि बाला के समर्थन में चुनाव प्रचार के लिये पहुंचे कैबिनेट मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत ने चिड़ी गांव में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया। डॉ0 रावत ने कहा कि उत्तराखंड की तर्ज पर हिमाचल में भारतीय जनता पार्टी की सरकार दोबारा बनेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार तरक्की कर रहा है। हिमाचल प्रदेश में भाजपा सरकार ने कई विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा। भाजपा की विकासपरक नीतियों को देखते हुये हिमाचल के लोगों ने फिर से भाजपा सरकार बनाने की ठान ली है। डॉ0 रावत ने कहा कि हिमाचल और उत्तराखंड की भौगोलिक परिस्थितियां एक समान है, दोनों ही पर्वतीय राज्य है, दोनों के समाने कई चुनौतियां एक समान है। उत्तराखंड में हुये विधानसभा चुनाव में वहां की जनता ने राज्य के विकास के लिये भाजपा पर भरोसा जताया और दोबारा भाजपा को सत्ता सौंपी, ऐसा ही वह हिमाचल में महसूस कर रहे हैं। विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुये डॉ0 रावत ने लोगों से पार्टी प्रत्याशी शशी बाला के पक्ष में मतदान करने की अपील की, साथ ही उन्होंने लोगों से हिमाचल में दोबारा भाजपा सरकार बनाने में भागीदार बनने की बात कही। इससे पहले रोहडू पहुंचने पर स्थानीय भाजपा कार्यकताओं एवं पार्टी पदाधिकारियों ने डॉ0 रावत का जमकर स्वागत किया। इस दौरान डॉ0 रावत ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि सभी लोग एकजुट होकर भारतीय जनता पार्टी को विजय बनायेंगे।

# जनसुनवाई कार्यक्रम में डीएम सोनिका ने फरियादियों की समस्या के समाधान का दिया निर्देश

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




देहरादून, 31 अक्टूबर ।जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में आयोजित किये जाने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने प्रत्येक फरियादियों की समस्या को विस्तापूर्वक सुना। इस मौके पर 63 शिकायतें प्राप्त हुई। शिकायतों में अधिकत्तर शिकायतें भूमि कब्जे, अतिक्रमण से सम्बन्धित प्राप्त हुई। इसके अतिरिक्त समाज कल्याण से पेंशन, बेटी के विवाह के लिए आर्थिक सहायता, शस्त्र लाईसेंस, स्वतंत्रता संग्राम सेननी परिचय पत्र बनाने, नक्शा पास करने, पति द्वारा उत्पीड़न प्रधानमंत्री आवास योजना से मकान दिलाने, नकरोंदा में सीवर प्लांट अन्य स्थान पर शिफ्ट कराने, खनन, रास्ता कब्जाने, कुर्क में बंधक भूमि को मुक्त करने, रिंग रोड पर वैडिंग जाने से अतिक्रमण हटाने, नाली सफाई आदि से सम्बन्धित प्राप्त हुई।



जिलाधिकारी ने समस्त विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त हो रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समयबद्धता से निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने जनसुनवाई में प्राप्त हो रही ही अतिक्रमण एवं शासकीय भूमि पर कब्जे की शिकायतों को मौका मुआयना कर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने विभागों से सम्बन्धत शिकायतों को अपने स्तर पर ही निस्तारण करने को कहा। जिलाधिकारी ने जनसुनवाई में अतिक्रमण की शिकायतों पर सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों को अतिक्रमण चिन्हित कर हटाने की कार्यवाही करने निर्देश दिए। साथ ही उप जिलाधिकारी सदर को शहर में अतिक्रमण कार्यवाही करने तथा चिन्हित वेडिंग जोन से बाहर लगी दुकानों को नगर निगम को साथ लेकर हटवाने के निर्देश दिए।